



# न्यायालय की शरण में जाते ही दर्ज की एफआईआर

**न्यायालय ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट**

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 27 जुलाई।** मेहगांव में गुरुपूर्णिमा पर प्रदेश सरकार के आव्हान पर जगह जगह गुरुजनों के सम्मान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे थे। इसी दौरान मेहगांव में आयोजित एक शासकीय कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा व्दारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजवीर शर्मा को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ जड़ दिया।




बीईओ राजवीर शर्मा के अनुसार पिछले कई महीनों से उनसे नियम विरुद्ध अनैतिक कार्यों के लिये मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा दवाब बना रहे थे। वहीं गुंडा टैक्स के नाम पर 20 हजार रुपये हर महीने की मांग कर रहे थे। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष के द्वारा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के साथ मारपीट की घटना की जानकारी जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को लगी तो उन्होंने तुरन्त बीईओ कार्यालय पहुँचकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजवीर शर्मा का सम्मान किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुऐ कांग्रेस नेताओं व्दारा बिरोध प्रदर्शन एंव बाजार बंद कराते हुऐ घटना का बिरोध प्रदर्शन किया। बीते रोज कांग्रेस के पूर्व मंत्री राकेश चौधरी एंव मेहगांव विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राहुल सिह भदौरिया ने प्रेसवार्ता कर थाने का घेराव करने का अलटीमेट दिया था। मेहगांव थाना पुलिस ने माननीय न्यायलय के आदेश परिपालन मे मामला दर्ज कर पीडित बीईओ राजीव शर्मा की शिकायत पर विभिन्न धाराओ मे मामला दर्ज कर लिया। कांग्रेस नेताओं ने इस वावत पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुऐ मेहगांव मे एक सभा का आयोजन किया जिसमे सभी कांग्रेस नेताओं ने अपने अपने बिचार प्रकट किये।

# नीलगिरी की खेती से कृषकों को भरपूर लाभ : पोद्दार

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 27 जुलाई।** रमनकुमार पोद्दार निर्देशक एलिक्सर कंपनी द्वारा अपने उद्बोदन में बताया कि किसान अपने खेतों में नीलगिरी या सफेदा (यूकेलिप्टस) के पौधों का रोपण करके अधिक से अधिक लाभ कमा सकते है। मालनपुर स्थित एलिक्सर कंपनी जिला भिंड में नीलगिरी की लकड़ी की बिक्री करके लाभ कमाने का सुनहरा अवसर है, इस मौके का लाभ उठाने के लिये अधिक से अधिक नीलगिरी के पौधे मालनपुर स्थित फैक्ट्री से खरीद कर अपने अपने खेतों में या मेढ़ पर लगा सकते है। मालनपुर स्थित एम डी एफ एलिक्सरर कंपनी जो कि अभी निर्माणाधीन है, आगामी 8 से 9 माह में नीलगिरी की लकड़ी की आवश्यकता कंपनी को होगी जिसे किसान अपने वहां या अपनी सुविधानुसार कभी भी लकड़ी की बिक्री कर सकते है। वर्तमान में फैक्ट्री में हैदराबाद से उच्च गुणवत्ता का क्लोनल पौधा लाकर बिक्री हेतु रखा हुवा है, जिस किसान को फैक्ट्री से यूकेलिप्टस खरीदना हो वो कभी भी सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक खरीद कर ले जा सकता है। प्रति पौधा 9 रूपये की दर से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए नंबर पर संपर्क कर सकते है। श्री सुशील कुमार गायकवाड़ 8328824575 / 9438267230, श्री टी. एस. सुलिया 8770307956 / 9243200562, श्री प्रभुदास 799044843

# हरियाली तीज पर जैन मिलन महिला ने मनाया महोत्सव




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 27 जुलाई।** सावन की फुहारों और लोकगीतों की मधुर गूंज के बीच भिंड शहर की प्रख्यात सामाजिक संस्था जैन मिलन महिला चंदना शाखा द्वारा हरियाली तीज महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह उत्सव भक्ति, पारंपरिक श्रृंगार और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रंगों से सराबोर रहा।


**पारंपरिक परंपराओं के संग सजी तीज की शाम :** कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर प्रार्थना के साथ किया गया, जिसके बाद महिलाओं ने अपने-अपने पारंपरिक 16 श्रृंगारों के साथ तीज का उत्सव मनाया। चारों ओर मेहंदी, चूड़ियां, हरी साड़ियां और साज-सज्जा का अनुपम दृश्य उपस्थित था।जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री वीरांगना आभा जैन, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संयोजिका राखी जैन तथा कार्यक्रम अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष वीरां सुनीता जैन ने की।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी शाम :** कार्यक्रम में लगभग 40 महिला सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न नृत्य, गीत, पारंपरिक खेलों और तीज पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। महिलाओं की मनोहारी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा पिंकी जैन को इस वर्ष की हरियाली तीज क्वीन के रूप में चुना गया। उन्हें ताज पहनाकर और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित सभी महिलाओं ने करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था की मंत्री अलका जैन द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों, अतिथियों एवं सहभागी महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के साथ-साथ आपसी मेलजोल और सृजनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं।

# छापामार कार्यवाही में 3 आरोपियों के घर से शराब बरामद

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 27 जुलाई।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन एवं उपायुक्त आबकारी ग्वालियर संदीप शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी महेश कुमार गौर के मार्गदर्शन में वृत्त मेहगांव की संयुक्त टीम दविश में ग्राम शेरसिंह का पुरा पहुची जहां आरोपी राजेश निगम रिहायशी मकान पर अवैध मदिरा विक्रय करते पाया गया।

साथ ही अन्य कार्यवाही में ग्राम हीरापुरा में आरोपी रामा बाई को अपने रिहायशी मकान पर अवैध मदिरा विक्रय करते पाया गया, इसी क्रम में ग्राम मुश्तरा में आरोपी सतेन्द्र नरवरिया को किराना दुकान से अवैध मदिरा विक्रय करते पाया गया।इसी क्रम में 2 अन्य जगहों पर तलाशी ली गई किन्तु कोई मादक पदार्थ नहीं मिला। उपरोक्त कार्यवाही में 03 आरोपियों के कब्जे से कुल 234 पाव देशी प्लेन एवं मसाला मदिरा, एवं 18 वोल्ट बीयर केन एवं 18 किंगफिशर कैन जब्त की गई जिसकी अनुमानित क़ीमत 25000/- के लगभग बताई गयी है। उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1),के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।



उक्त कार्यवाही मे आबकारी उपनिरीक्षक रविशंकर तिवारी, नरेंद्र कुमार प्रजापति, हरेंद्र मावई, कृष्णकांत शर्मा एवं आरक्षक अवधेश भदौरिया, शिरोमणि सिंह, ब्रजेश कुमार, धर्मेंद्र भदौरिया, राहुल सिंह, जनक अर्गल एवं ज्योति कुशवाह का योगदान रहा, साथ ही जिला आबकारी अधिकारी भिंड महेश गौर के आदेशा उपरांत भी उपनिरीक्षक अजीत यादव एवं उपेन्द्र चौहान सयुंक्त कार्यवाही में अनुपस्थित रहे। जिला आवकारी अधिकारी महेश गौर के संपर्क सूत्रों का क्षेत्र मे अच्छा खासा नेटवर्क होने से ग्रामीण अंचल मे अवैध रूप से शराव विक्रय करने बालो मे दहसत का माहोल बना

# खेड़ापति हनुमान दरबार में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 27 जुलाई।** मेहगांव नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान दरबार में चल रही 21 दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा के अंतर्गत एक विशेष आध्यात्मिक दृश्य उस समय देखने को मिला जब कथा स्थल पर भगवान शिव के रूप में श्री हनुमान महाराज के अवतरण की कथा सुनाई गई। कथा स्थल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया।

शिवमहापुराण कथा वाचक आचार्य आशीष शास्त्री महाराज ने श्रोताओं को बताया कि श्री हनुमान जी महाराज स्वयं भगवान शंकर के अवतार हैं। वे महाराज केसरी और माता अंजनी के घर भगवान विष्णु के रामावतार की सेवा हेतु अवतरित हुए। उन्होंने बताया कि हनुमान जी की शक्ति, भक्ति और सेवा की भावना उन्हें सभी देवताओं में अद्वितीय बनाती है। जैसे ही कथा में हनुमान जन्मोत्सव प्रसंग आया, कथा स्थल पर भजन और जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया।

**भक्तों ने नाचते-गाते मनाया जन्मोत्सव**

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए इस पर्व को हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया। श्रोताओं ने श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों से कथा पांडाल गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर खेड़ापति दरबार के महंत श्रीश्री 1008 शांति दास महाराज भी कथा स्थल पर उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। हनुमान जी की कृपा से जीवन में बल, बुद्धि और भक्ति की वृद्धि होती है।

# पर्यावरण संरक्षण में 'नवांकुर सखी योजना' बन रही बदलाव की धुरी : कुशवाह

**नवजीवन सहायतार्थ संगठन के तत्वावधान में पौध वितरण**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 27 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने और पौधरोपण की संस्कृति को मजबूती देने के उद्देश्य से नवजीवन सहायतार्थ संगठन द्वारा रविवार को एक भव्य नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह रहे। इस अवसर पर संत विरहंत सागर महाराज, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




**पर्यावरण संरक्षण में परिवर्तन का वाहक :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि नवांकुर सखी योजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर है। इससे पौधों का संरक्षण, सामाजिक सहभागिता, और प्राकृतिक संतुलन को नया बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज पौधरोपण केवल एक प्रतीकात्मक क्रिया नहीं रह गया है, यह जीवन रक्षा का माध्यम बन गया है।

**ऑक्सीजन संकट और पौधरोपण की आवश्यकता :** विधायक ने कोरोना महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि उस संकट काल में ऑक्सीजन की भारी कमी ने अनेक जिंदगियां हमसे छीन लीं। उन्होंने कहा कि यदि पर्याप्त पौध होते तो शायद कई लोगों को बचाया जा सकता था। अब हमारी जिम्मेदारी है कि अगली पीढ़ी के लिए हम ऑक्सीजन की सुरक्षा आज ही सुनिश्चित करें।

**नवांकुर सखियां निभा रही हैं अहम भूमिका :** विधायक कुशवाह ने नवांकुर सखियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पौधों को संरक्षित करने, उन्हें जीवित रखने और आमजन को प्रेरित करने का कार्य भी कर रही हैं। उन्होंने सभी से तन-मन से पौधरोपण अभियान में भागीदारी की अपील की।

**जन अभियान परिषद और नवजीवन संगठन की सक्रियता :** डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि नवांकुर सखी योजना मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत ग्राम स्तर तक जनजागरूकता, पौधरोपण, और सामाजिक समरसता के कार्य किए जा रहे हैं। यह पहल शासन की सोच को समाज तक लाने का सशक्त माध्यम बन रही है।

**भविष्य की योजनाएं साझा की गईं :** नवजीवन सहायतार्थ संगठन के अध्यक्ष उपेंद्र (पिंकू) शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में नवांकुर सखी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, नारी शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, बाल संरक्षण, जैसे कार्यों को भी योजनाबद्ध रूप से किया जाएगा।

# शिकायतों के त्वरित निराकरण में भिण्ड टॉप पर

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 27 जुलाई।** भिंड जिला प्रशासन ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जनहितकारी दृष्टिकोण का परिचय देते हुए शिकायतों के निराकरण के क्षेत्र में च्ए ग्रेडज्ज हासिल किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के पीछे जिला कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की कुशल नेतृत्व क्षमता, निरंतर निगरानी और समयबद्ध दिशा-निर्देशों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



**जुलाई में 80.24 वेटेज अंक प्राप्त कर 'ए ग्रेड' :** जुलाई माह के प्रदर्शन मूल्यांकन में भिंड जिले को 80.24 वेटेज अंक प्राप्त हुए हैं, जिससे जिला पुन: प्रदेश के अग्रणी जिलों की श्रेणी में आ गया है। इससे पूर्व भी मार्च 2025 में 80.26 अंक प्राप्त कर भिंड ने ए ग्रेड प्राप्त किया था, जो इस उपलब्धि की निरंतरता को दर्शाता है।

**शिकायतों की बड़ी संख्या, फिर भी समयबद्ध समाधान :** भिंड जैसे चुनौतीपूर्ण जिले में प्रतिमाह 13,000 से अधिक शिकायतें प्राप्त होती हैं, जो इसे राज्य के सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त करने वाले जिलों में स्थान दिलाती हैं। इसके बावजूद प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान, उसकी उचित मॉनिटरिंग और जनसुनवाई का सजग संचालन भिंड प्रशासन को राज्य में विशिष्ट बनाता है।

**जनहित में सतत सक्रिय :** कलेक्टर श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में शासन की योजनाओं और निर्देशों को नीतिगत अनुशासन और जमीनी क्रियान्वयन के साथ अपनाया है। उनका स्पष्ट मानना है कि प्रशासनिक सफलता का आधार केवल आंकड़े नहीं, आमजन का संतोष और विश्वास होता है। उन्होंने प्रत्येक कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया कि जनशिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए, निर्धारित समयसीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। उनका यह दृढ़ निश्चय ही जिले को ए ग्रेड दिलाने में निर्णायक साबित हुआ।

**तकनीक और टीमवर्क का अद्वितीय समन्वय :** कलेक्टर श्रीवास्तव ने आईएफएमआईएस प्रणाली, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई पोर्टल और समर्थन एप जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिए न केवल कार्यों की मॉनिटरिंग की, बल्कि विभागों के बीच कारगर समन्वय भी स्थापित किया। उनकी पहल पर प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई दिवस को प्रभावी बनाया गया, जिससे अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई।

**अधिकारी नहीं, एक मार्गदर्शक की भूमिका :** कलेक्टर श्रीवास्तव का व्यवहार सदैव सुलभ, संवादपूर्ण और समाधानोन्मुख रहा है। वे केवल प्रशासक नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, प्रेरक और जनसेवक की भूमिका में भी दिखाई देते हैं। चाहे वह किसी गरीब को राशन दिलवाने की बात हो या किसी दिव्यांग की पेंशन समस्या का समाधान, श्री श्रीवास्तव ने व्यक्तिगत रूचि लेकर मदद की है।

**भविष्य की कार्ययोजना भी स्पष्ट :** कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया है कि प्रशासन अब भी आत्मसंतुष्ट नहीं है, बल्कि आने वाले समय में जनशिकायतों के निराकरण में और तेजी, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार लाए जाएंगे। प्रशासन की शक्ति, जनता की मुस्कान में है, यह सिद्धांत वे स्वयं अपने हर निर्णय और कार्यशैली में उतारते हैं।

# कांग्रेस सदस्यता अभियान को मिला समाज का समर्थन

**डॉ. गोविंद सिंह की अगुवाई में जाटव एवं कुशवाह समाज ने थामा कांग्रेस का दामन**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 27 जुलाई।** कांग्रेस पार्टी के सदस्यता अभियान को जनसमर्थन मिलता जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लहार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरहा में कांग्रेस सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जाटव एवं कुशवाह समाज के लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।




कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गोविंद सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा (राजू मोल्या), जनपद अध्यक्ष मीना मानवेंद्र सिंह, एवं पूर्व सरपंच राकेश भटेले की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ग्राम बरहा के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली। जिसमें पप्पू जाटव, लखन जाटव, सेवाराम जाटव, धर्मेंद्र जाटव, वीरू जाटव, सुखाराम जाटव, मनीराम जाटव, पतिराम जाटव, रामशरण जाटव, रामसूरत जाटव, राजेंद्र जाटव, नेता जाटव, देवा जाटव, रामकेश जाटव, मोहन कुशवाह, अप्पे कुशवाह, वीरेंद्र खान, लखन बरेठा, नीरू जाटव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ली है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि आज देश और प्रदेश को ऐसे जनप्रतिनिधियों की जरूरत है जो जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें, न कि व्यक्तिगत लाभ को। कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और आम आदमी की आवाज रही है। यह सदस्यता अभियान इस दिशा में एक मजबूत कदम है।

**संगठनात्मक उत्साह :** ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा (राजू मोल्या) ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस की सदस्यता लेने वाले सभी नए कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ बनेंगे और आने वाले चुनावों में कांग्रेस को मजबूती देंगे। मीना मानवेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं, युवाओं और समाज के हर वर्ग को कांग्रेस से जुड़ना चाहिए, ताकि विकास, न्याय और समानता की दिशा में सशक्त कार्य हो सके।



## उपजेल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**भिंड, 27 जुलाई।** प्रदेशव्यापी 'नशा से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत थाना लहार द्वारा रविवार को उप जेल लहार परिसर में एक विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को नशे की बुराइयों से अवगत कराना और उन्हें नई दिशा में जीवन जीने की प्रेरणा देना रहा। जेल अधीक्षक कल्याण सिंह का जागरूकता पर जोर : कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेल अधीक्षक कल्याण सिंह ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के सोचने-समझने की शक्ति को नष्ट कर देता है। यह केवल एक आदत नहीं, बल्कि आत्मविनाश का मार्ग है। इससे न केवल खुद का जीवन, बल्कि पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है।

# योगासन खेल प्रतिस्पर्धा 2025 का आयोजन

**विजेता प्रतिभागियों ने अलग-अलग वर्गों में जीते मेडल और प्रमाण पत्र**

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 27 जुलाई।** जिला भिंड के जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में भिंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की वार्षिक योगासन प्रतिस्पर्धा का सफल आयोजन किया गयाद्य जिसमें अलग-अलग विधाओं में कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया द्य प्रतिभागियों में बालक बालिका समवर्गों में अलग-अलग विधाओं में हिस्सा लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी आगामी प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। सब जूनियर ब्वॉयज में ओमप्रसाद कटारे राहुल खन्ना शिखर बंसल बालिका संवर्ग में वसुधा कटारे, हिमांशी कौशल परी कॉंकर, वहीं सीनियर बालक समवर्ग में भानु प्रताप, अनुराग सिंह, समीर जयंत, वहीं सीनियर बालिका संवर्ग में ज्योति कुशवाहा, भारती लोधी विजेता बने, सब जूनियर आर्टिस्टिक वर्ग में अंकुश चौरसिया और शिवम सिंह कुशवाहा,आर्टिस्टिक सिंगल गर्ल वसुधा कटारे, आर्टिस्टिक सिंगल बालक संवर्ग में ओमप्रसाद कटारे, शिखर बंसल, पीयूष कौशल, जूनियर बालक आर्टिस्टिक सिंगल में अंकित सिंह विजेता रहे द्य संगठन द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित कर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बधाई प्रेषित की, समिति पदाधिकारी में समिति के सचिव स्डुष्द्धद्गठ्ठस्त्रह्डु कॉंकर, अध्यक्ष श्री शैलेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष श्री बदन सिंह बघेल एवम श्री सुनील बघेल, श्री चंद्रकांत जी बोहरे, श्री श्याम बिहारी शर्मा द्वारा अपनी सक्रिय भूमिका निभाई गई समिति द्वारा आमंत्रित गण्यमान्य अतिथियों में आनंद शर्मा प्राचार्य डाइट भिंड, श्री शिवकुमार शर्मा जिला क्रीड़ा अधिकारी, श्री धीरज शुक्ला भारत विकास परिषद भिण्ड, श्री दिनेश शर्मा जिला योग प्रभारी, श्री संदीप कुशवाह व्याख्याता शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जिला भिंड, श्री भारत सिंह योग प्रशिक्षक, भिण्ड श्री राधे श्याम जी खेल अधिकारी, प्रतिस्पर्धा में निर्णायक मंडल में श्री सोमेश भार्गव, श्री अरविंद शर्मा खेल प्रशिक्षक, श्री संतोष गोड खेल शिक्षक द्वारा भूमिका निभाई द्य कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को संगठन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया द्य संगठन द्वारा प्रतिस्पर्धा में भागीदारी बढ़ाने को लेकर विद्यालय स्तर पर योग शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया गया ।

**परिशिष्ट ट**
प्रारूप-ण
(नियम 22 (क) (6) देखिए)
**धारा 30-क के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**
क्रमांक GWLLP17072558079/ दिनांक /26/JUL/2025
क्र./1733/नग्रानि/Gwalior दिनांक 26/JUL/2025
जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती मेसर्स (Anoop Sharma)- Anoop Sharma S/o Shri Dwarika Prasad Sharma जो नगर/ग्राम Ahukhana_Kalan के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक 326/906/gwl/dt.8.2.88 दिनांक 1988-02-08 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित Mixed, Commercial Building प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक 28,27 को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती/ मेसर्स (Anoop Sharma)- Anoop Sharma S/o Shri Dwarika Prasad Sharma जो नगर Gird ग्राम Ahukhana _Kalan के खसरा क्रमांक Plot No. 27 and 28 में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक 326/906/gwl/dt.8.2.88 दिनांक 1988-02-08 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित Mixed, Commercial Building प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम Ahukhana _Kalan खसरा क्रमांक Plot No. 27 and 28 रकबा 0.04165 भूमि जिसका भूमि उपयोग Mixed है, के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू-खण्ड/भू-खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=D2Rqf5tOYN1733 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा Website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।
**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर मध्यप्रदेश**